# न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही
## (पीठासीन अधिकारीः आशाराम डूडी, आर.ए.एस.)

(1) प्रकरण संख्याः 25/2017

(2) दायरा दिनांकः 09.10.2017

सायल

स्टेट जरिये जिला पुलिस अधीक्षक, सिरोही

बनाम

गैरसायल

सोहनसिंह पुत्र किशनसिंह जी, जाति- राजपूत, निवासी- घोसी मोहल्ला, आबूरोड, पुलिस थाना- आबूरोड शहर, जिला- सिरोही

**''इस्तगासा अर्न्तगत धारा 3 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975''**

उपस्थितिः

1. सहायक लोक अभियोजक
2. गैरसायल एवं गैरसायल के अधिवक्ता श्री राजेश मेघवाल

-: निर्णय :- दिनांक 03अप्रेल, 2018

(1) संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है। जिला पुलिस अधीक्षक, सिरोही द्वारा गैरसायल सोहनसिंह पुत्र किशनसिंह जी, जाति- राजपूत, निवासी- घोसी मोहल्ला, आबूरोड के विरुद्ध यह इस्तगासा राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा-3 के तहत प्रस्तुत कर अनुरोध किया कि गैरसायल आले दर्जे का जुआरी है एवं जुआं के अपराध करने का आदि है। जो आम लोगों को जुआं खेलने के लिये प्रेरित कर जुआं खेलाता रहता है। गैरसायल के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के बावजूद भी उक्त अपराध पर रोक नही लग पाई है। गैरसासयल का जुआ खेलने व खिलाने से आम लोगों व बच्चों पर दुष्प्रभाव की शिकायत समय समय पर मिलती रहती है, लेकिन गैरसायल के विरुद्ध साक्ष्य देने हेतु लोग तैयार नही होते है। गैरसायल के विरुद्ध जुआं खेलते पकडा जाने पर पुलिस थाना आबूरोड शहर में राजस्थान पब्लिक गैम्बलिंग अध्यादेश 1949 की धारा 13 के तहत 14 प्रकरण दर्ज हुये है जिनमें गैरसालय के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये जिसमें संबंधित न्यायालय द्वारा गैरसायलय को दोष सिद्ध ठहराते हुए जुर्मानि/सजा से दण्डित किया है। गैरसायल के विरुद्ध पुलिस थाना, आबूरोड शहर में दर्ज प्रकरण संख्या 212/2011, 131/2012 व 42/22013 में गैरसायल को सजा होने पर गैरसायल के विरुद्ध राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3 के तहत इस्तगासा जरिये क्रमांक 1370 दिनांक 18.3.2013 से प्रेषित किया गया था जिसमें में गैरसायल को 90 दिन की अवधि के लिा बदर किया गया था। मगर उसके बाद भी गैरसायल के विरुद्ध 11 अपराध पंजीबद्ध होकर संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये जिनमें गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराते हुए जुर्मानि/सजा से दण्डित किया गा है। गैरसायल जुआं खेलने में लिप्त है जो बावजूद सजा के भी निरन्तर आपराधिक प्रवृति में लिप्त है जो आदतन जुआं खेलने व आम लोगों को जुआं खेलने के लिये प्रेरित करने से आम जनता में भय व्याप्त है व लोग गैरसायल के भय से पुलिस को सूचना देने से कतराते है। गैरसायल राजस्थान गुण्डा

......पेज दो पर

अति. जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही-307001.

नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 3(बी)3(सी) में वर्णित अपराध करने का •आदि है और मौजूदा समय में ऐसे अपराध करने में लिप्त है, इसलिये गैरसायल के विरुद्ध कानूनी सलूक फरमाकर जिले से निष्कासित किया जावे।

(2) प्रस्तुत इस्तगासे पर गैरसायल के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया जाकर गैरसायल को नोटिस जारी किया गया एवं नोटिस के साथ गैरसायल पर लगाये गये आरोपों की प्रति भी तामिल करवाई गई। जिस पर प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 04.12.2017 को गैरसायल इस न्यायायल में उपस्थित हुआ एवं गैरसायल की ओर से अधिवक्ता श्री राजेश मेघवाल उपस्थित हुये। दिनांक 04.12.2017 को गैरसायल ने एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अनवीक्षा चाही। तत्पश्चात् प्रकरण नियत सुनवाई दिनांक 03.4.2018 को गैरसायल ने उपस्थित होकर आरोप स्वीकारोक्ति का प्रार्थना पत्र कर प्रकरण का आज ही निस्तारण किये जाने का अनुरोध किया।

(3) प्रकरण में गैरसायल द्वारा आरोप स्वीकार कर लिये जाने से सहायक लोक अभियोजक एवं गैरसायल के अधिवक्ता की बहस सुनी गई। सहायक लोक अभियोजक ने बहस के दौरान इस्तगासें में अंकित तथ्यों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए यह व्यक्त किया कि गैरसायल के विरुद्ध राजस्थान पब्लिक गैम्बलिंग अध्यादेश 1949 की धारा 13 के तहत पुलिस थाना आबूरोड़ में 14 प्रकरण दर्ज हुये जिनमें गैरसायल के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये एवं इन 14 प्रकरणों में संबंधित न्यायालय द्वारा गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराते हुए सजा/जुर्माने से दण्डित किया गया हैं। गैरसायल आले दर्जे का जुआरी है तथा जुआं संबंधी अपराधों में लिप्त है। इसकी ऐसी आपराधिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र में कई गरीब परिवार अपनी जमा पूंजी जुऐं में गवा चुके है। गैरसायल के ऐसे आपराधिक कृत्यों से आम जन में भय व्याप्त है तथा लोग इसके विरुद्ध साक्ष्य देने से कतराते है, इसलिये गैरसायल की इन आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु गैरसायल को छः माह की अवधि के लिये जिले से निष्कासित किया जावे। जबकि गैरसायल के अधिवक्ता ने बहस के दौरान यह व्यक्त किया कि गैरसायल वर्तमान में किसी भी आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नही है। गैरसायल ने जुआं के उक्त मुकदमों में लोक अदालत की भावना से जुर्म स्वीकार किया था। गैरसायल के विरुद्ध शांति भंग करने, मारपीट करने, लोगों को धमकाने आदि कोई मुकदमें दर्ज नही हुये है, केवल गैरसायल के विरुद्ध जुआं खेलने के उक्त मुकदमे ही दर्ज हुये है जिनमें गैरसायल ने लोक अदालत की भावना से जुर्म स्वीकार किया था। गैरसायल के विरुद्ध आरोप गंभीर प्रकृति के नही है। गैरसायल विगत एक वर्ष से किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों में लिप्त नही है। गैरसायल वर्तमान में मजदूरी कर शांतिपूर्वक जीवन यापन कर रहा है। गैरसायल भविष्य में कोई अपराध नही करेगा, इसलिये गैरसालय के विरुद्ध यह कार्यवाही ड्रॉप की जावे।

(4) प्रकरण में सुनी गई बहस पर मनन किया गया एवं न्यायालय पत्रावली तथा पत्रावली उपलब्ध साक्ष्यों का गंभीरतापूर्वक अध्ययन व अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट अनुसार गैरसायल सोहनसिंह पुत्र श्री किशनसिंह, जाति-राजपूत, निवासी- घोसी मोहल्ला, आबूरोड़ के विरुद्ध पुलिस थाना, आबूरोड़ शहर में

.....पेज तीन पर

प्रति. जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही-307001.

राजस्थान पब्लिक गैम्बलिंग अध्यादेश 1949 की धारा 13 के तहत अपराध संख्या 212/2011, 131/2012, 42/2013, 75/25.3.2013, 28/04.2.2014, 215/20.8.2014, 246/20.9.2014, 294/06.11.2014, 316/03.12.2014, 331/17.12.2014, 87/11.4.2016, 116/11.5.2016, 149/10.6.2016 व 275/10.10.2016 को दर्ज हुये। जिनमें से अपराध संख्या 75/25.3.2013, 28/04.2.2014, 215/20.8.2014, 246/20.9.2014, 294/06.11. 2014, 316/03.12.2014, 331/17.12.2014, 87/11.4.2016, 116/11.5.2016, 149/10.6. 2016 व 275/10.10.2016 की प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध है। धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत गैरसायल के विरुद्ध दर्ज उक्त मुकदमों में बाद तफतीश गैरसायल के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये है, जिनके आरोप पत्रों की प्रतियां भी न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से यह भी पाया गया कि उक्त अपराध संख्या 246/20.9.2014, 294/06.11.2014, 316/03.12.2014, 331/17.12.2014, 87/11.4.2016, 116/11.5.2016 व 149/10.6.2016 में संबंधित न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक क्रमश: 01.11.2014, 05.12.2014, 21.1.2015, 23.1.2015, 06.5.2016, 27.5.2016 व 05.7.2016 के अनुसार गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराया गया है। इससे, यह स्पष्ट है कि गैरसायल राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 2(ख)(V) में वर्णित अपराध करने का दोषी है व गुण्ड़ा की श्रेणी में आता है, लेकिन गैरसायल के विरुद्ध दिनांक 10.10.2016 के बाद किसी प्रकार का कोई मुकदमा दर्ज होने बाबत कोई साक्ष्य पत्रावली पर उपलब्ध है। गैरसायल द्वारा लोगों को धमकानें व आतंकित करने के संबंध में भी साक्ष्य न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध नही है। गैरसायल के विरुद्ध शांतिभंग करने के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही हुई हो, ऐसी भी साक्ष्य न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध नही है।

अत: उपरोक्त सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक, सिरोही द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे को आंशिक रुप से स्वीकार करते हुऐ गैरसायल सोहनसिंह पुत्र श्री किशनसिंह, निवासी- घोसी मोहल्ल्रा, आबूरोड़ को छ: माह की अवधि के लिये नेकचलनी व शांति बनाये रखने हेतु पाबन्द कर आदेशित किया जाता है कि गैरसायल एक सामान्य व अच्छे नागरिक की तरह जीवन यापन करेगा तथा गैरसायल भविष्य में कोई आपराधिक कृत्य नही करेगा। गैरसायल उक्त निर्देश/निर्बन्धन एवं शर्तो का सम्यक पालन करने की दृष्टि से उक्त अधिनियम की धारा 7(1) के तहत रुपये पच्चीस हजार रुपये का स्वयं का बन्ध पत्र प्रस्तुत करेगा। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया।

(आशाराम डूडी)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,
सिरोही

न्यायालय अति० जिला मजिस्ट्रेट सिरोही (राज०)